सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से "यातायात जागरूकता रैली" को हरी झंडी दिखाकर यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारम्भ किया गया।

◆ यातायात माह में यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु चलाया जाएगा विशेष अभियान।

आज दिनांक 01.11.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर में "यातायात माह, नवम्बर-2026" को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से "यातायात जागरूकता रैली" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर से शुरु होकर पावर हाऊस तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, साडी तिराहा व सनई चौराहो से होते हुए यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार व जन जागरुकता करते हुए वापस पुलिस लाईन आकर समाप्त हुई। यातायात जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन संबंधी जागरूकता जैसे- वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना, हेलमेट पहनना, ओवरस्पीडिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाना, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने हेतु प्रोत्साहित न करने आदि महत्वपूर्ण यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर विश्वजीत सौरयान एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ मयंक द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन चन्द्र प्रताप सिंह तथा प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव, आरक्षी कमलेश यादव, आरक्षी सूरज विश्वकर्मा व सभी यातायात कर्मी उपस्थित रहे।

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में बृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम के अन्तर्गत मिशन शक्ति फेज-6 के तहत लोहिया कला भवन में महिला थाना व थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा महिला जागरूकता शिविर का आयोजन।

◆शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं, निर्बल, दिव्यांगजनों, आदि के लिये विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार तथा साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा।

आज दिनांक 01.11.2026 को लोहिया कला भवन, सिद्धार्थनगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में बृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में महिला थाना व थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जागरुकता शिविर लगाकर प्रतिभाग किया गया। तथा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, गुड टच-बैड टच, महिला सम्बन्धी अपराध, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं पॉक्सो अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचाव, एंटी रोमियो स्क्वॉड की कार्यप्रणाली तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। तथा मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के बारे में अवगत कराया गया जहाँ महिलायें अपनी शिकायत निःसंकोच दर्ज करा सकती हैं। इस दौरान महिलाओं/बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं/बालिकाएं उपस्थित रही।

जागरुकता कार्यक्रम करने वाली मिशन शक्ति टीम का विवरणः-

01.उ0नि0 पूनम श्रीवास्तव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.म0हे0का0 शिल्पा शर्मा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0का0 कंचनलता सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

04.म0हे0का0 रीना रावत महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

05.म0का0 साधना मौर्या, म0का0 शिखा खरवार महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़वनिया में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम जुड़वनिया में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर -

01.उ0नि0 रामसेवक प्रसाद

02.का0 जय सिंह यादव, का0 सत्य प्रकाश यादव

03.म0का0 सुधा यादव

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद महिलाओ/बालिकाओं को सुरक्षा के बारे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 6.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01/11/2026 प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़ में आयोजित शिवपति स्नातकोत्तर महा विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम थाना शोहरतगढ़ मे मौजूद रहें बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी मुख्यमंत्री अदभुत योजना पोर्टल के बारे में भी बताया गया साइबर द्वारा होने वाले सभी धोखेधड़ी से बचने के उपाय भी बतायें तथा मिशन शक्ति 6.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 6.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में और लिंगानुपात बाल विवाह लैंगिक शोषण जनसंख्या अनुपात के बारे में भी जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम-

उ0नि0 राजकुमार यादव

म0का0 अनीता

म0का0 सुजाता राव

म0का0जूही सिंह

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6 अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम तुरकौलिया तिवारी में चौपाल लगाकर महिलाओ/बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष पथरा बाजार जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के ग्राम तुरकौलिया तिवारी में चौपाल लगाकर बहू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी बहुओं/महिलाओं को जागरूक करना था जो अपनी समस्याओं को लेकर थाने तक नहीं आ पाती हैं। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में और लिंगानुपात बाल विवाह लैंगिक शोषण जनसंख्या अनुपात के बारे में भी जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

1. उ0नि0 ज्ञान प्रताप सिंह
2.का0 सुदामा यादव
3. म0का0 नेहा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत थाना ख़ेसरहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा ग्राम कड़जा में साइबर अपराध सुरक्षा, महिला सम्बंधी अपराध व एंटी रोमियो के सम्बंध में बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक राम कृष्ण मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कड़जा में महिलाये व बालिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए व उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन 108-एंबुलेंस सेवा , 1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098-चाइल्ड हेल्पलाइन,102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा टीम-

1. उ.नि. जियाउल्लाह
2. म0का0 प्रिया चौहान
3. का0 अजीत कुमार

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा लोहिया कला भवन, सिद्धार्थनगर में अपराध के अन्वेषण तथा न्याय की प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं आपराधिक न्यायशास्त्र की भूमिका विषयक संगोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आज दिनांक 01.11.2026, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा लोहिया कला भवन, सिद्धार्थनगर में अपराध के अन्वेषण तथा न्याय की प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं आपराधिक न्यायशास्त्र की भूमिका विषयक संगोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद के क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारीनिरीक्षक/थानाध्यक्षगण तथा थानो के विवेचकगण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त संगोष्ठी का उद्देश्य आपराधिक अन्वेषण में फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता, घटनास्थल के वैज्ञानिक निरीक्षण, वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्यों के संकलन एवं संरक्षण तथा आपराधिक मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना था।

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ द्वारा आगामी लक्ष्मी पूजा और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शोहरतगढ़ थाना सभागार में संभ्रांत नागरिकों, मूर्ति पूजा आयोजकों, डीजे संचालकों और पटाखा कारोबारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक किया गया।

आगामी लक्ष्मी पूजा और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज दिनांक 01.11.2026 को शोहरतगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संभ्रांत नागरिकों, मूर्ति आयोजकों, डीजे संचालकों और पटाखा कारोबारियों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। आयोजक प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और डीजे निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बजाएं। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की तथा मूर्ति आयोजकों को निर्धारित मार्ग व नियमों का पालन करने तथा पटाखा दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 01.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 01-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन व श्री मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में एवं पवन कुमार मौर्य थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0112/26 धारा 87, 64(1), 142, 127(3), 115(2), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त दिनेश यादव पुत्र दीरपाल यादव उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम टेकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 01.11.2026 समय 07.35 बजे सुबह ग्राम टेकनार थाना चिल्हिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु मा0 न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –
01- दिनेश यादव पुत्र दीरपाल यादव उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम टेकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-
1. उ0नि0 शारदा प्रसाद थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
02.का0 चन्द्रजीत यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
03.का0 समरस पाण्डेय थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।